370981

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7 एफ. एच. डी.-2

स्नातक उपाधि कार्यक्रम (बी.डी.पी.)

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2019

एफ. एच. डी.-2 : हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : *निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

खण्ड—क

नोट : *निम्नलिखित में से किन्हीं* **दो** *प्रश्नों के उत्तर लगभग* ***250-300*** *शब्दों में दीजिए।*

1. उच्चरित और लिखित भाषा का अन्तर स्पष्ट कीजिए। 10

2. साक्षात्कार के विविध रूपों का परिचय दीजिए। 10

3. मोहन राकेश की डायरी का विश्लेषण कीजिए। 10

4. 'एकलव्य के नोट्स' के प्रतिपाद्य को रेखांकित कीजिए। 10

5. 'पत्र लेखन एक साहित्यिक विधा है।' इस कथन पर अपने विचार व्यक्त कीजिए। 10

खण्ड—ख

नोट : *निम्नलिखित में से किन्हीं* ***तीन*** *प्रश्नों के उत्तर लगभग* ***150-150*** *शब्दों में दीजिए।*

6. सरकारी पत्र की रूपरेखा तैयार कीजिए। 5

7. भारत में खेले गए किसी एक दिवसीय क्रिकेट मैच का समाचार तैयार कीजिए। 5

8. सृजनात्मक लेखन की विशेषताएँ बताइए। 5

9. नोट्स लेखन पर एक टिप्पणी कीजिए। 5

10. भाव पल्लवन क्या है? सोदाहरण समझाइए। 5

11. अपने क्षेत्र के सरकारी अस्पताल की स्थिति पर एक रिपोर्ट तैयार कीजिए। 5

खण्ड—ग

12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 50–50 शब्दों में दीजिए : प्रत्येक 2

(क) सम्प्रेषण की प्रक्रिया में भाषा और लिपि की भूमिका बताइए।

(ख) रचना में प्रस्तावना का क्या महत्व है? क्या प्रस्तावना के बिना रचना संभव है?

(ग) रेडियो और टेलीविजन का अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(घ) रचना का विषय चुनने के लिए कहाँ-कहाँ से सामग्री ली जा सकती है?

(ङ) जीवनी साहित्य की तीन विशेषताएँ बताइए।

13. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर का चयन कीजिए : प्रत्येक 1

(क) 'रिपोर्ताज' शब्द को किस भाषा से हिन्दी में ग्रहण किया गया है?

(i) अंग्रेजी

(ii) जर्मन

(iii) फ्रेंच

(iv) मलयालम

(ख) टेलीविजन पर प्रसारित होने वाला साक्षात्कार कार्यक्रम है :

(i) आपकी अदालत

(ii) क्योंकि सास भी कभी बहू थी

(iii) चाणक्य

(iv) पीहर

(ग) अज्ञेय की रचना है :

(i) गोदान

(ii) आषाढ़ का एक दिन

(iii) एक बूँद सहसा उछली

(iv) ध्रुवस्वामिनी

(घ) भाई को लिखा गया पत्र होता है :

(i) औपचारिक

(ii) अनौपचारिक

(iii) अर्द्ध-सरकारी

(iv) सरकारी

(ङ) लिखित सम्प्रेषण का माध्यम है :

(i) आँख

(ii) नाक

(iii) लिपि

(iv) वाणी